तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनीशियल्स जज सम्पतराम / हरिराम वगै0 254/2024 GCMS-2024/602	नम्बर व तारीख अहकाम इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	पत्रावली पेश हुई। वकुलाए उपस्थित। P.O साहब दीगर कार्य मे व्यस्थ है पत्रावली पूर्व आदेशानुसार दिनांक 27/10/25 को पेश हो।	
	पत्रावली पेश हुई। वकुलाए उपस्थित। P.O साहब दीगर कार्य मे व्यस्थ है पत्रावली पूर्व आदेशानुसार दिनांक 6/11/25 को पेश हो।	
06/11/25	पत्रावली पेश हुई। वकुलाए उपस्थित। P.O साहब दीगर कार्य मे व्यस्थ है पत्रावली पूर्व आदेशानुसार दिनांक 03/12/25 को पेश हो।	
03/12/25	पत्रावली पेश हुई। वकुलाए उपस्थित। P.O साहब दीगर कार्य मे व्यस्थ है पत्रावली पूर्व आदेशानुसार दिनांक 10/12/25 को पेश हो।	
10/12/25	पत्रावली पेश हुई। वकुलाय उप0। तहसीलदार नीमकाथाना से प्रकरण में जांच रिपोर्ट पूर्व में प्राप्त हुई जो अभिलेख पर ली जाती हैं। वकील अप्रार्थी सं0 1 ने पूर्व में आपत्ति पेश की। जो अभिलेख पर ली जाती हैं। प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251 (ए) आरटी एक्ट पर बहस वकुलाय उभयपक्ष सुनी गयी। दौराने बहस वकील प्रार्थी ने अपने प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251 (ए) आरटी एक्ट स्वीकार फरमाने का निवेदन किया। वकील अप्रार्थी ने पेशशुदा आपति में अंकित तथ्यों को बार–बार दोहराते हुए तहसीलदार नीमकाथाना से प्राप्त मौका रिपोर्ट खारीज फरमाने का निवेदन किया। पत्रावली व पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व रिकार्ड एवं तहसीलदार नीमकाथाना से प्राप्त जांच रिपोर्ट का अवलोकन किया गया एवं बहस वकुलाय उभयपक्ष पर सगौर मनन किया गया। चूंकि प्रार्थी उक्त प्रकरण में अपनी खातेदारी की भूमि ख0नं0 816 / 147 में आने जाने के लिए रास्ते का अनुतोष चाहता हैं। मुताबिक तहसीलदार रिपोर्ट प्रार्थी की खातेदारी भूमि राजस्व ग्राम कुरबड़ा तहसील नीमकाथाना अवस्थित खसरा नम्बरान 816 / 147 में आने जाने के लिए प्रस्तावित	

तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनीशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम इस हुकम की तामील में जारी हुए

रास्ता तन ग्राम कुरबड़ा अवस्थित खसरा नम्बर 950/143 से होकर निकटतम रास्ता हैं। उक्त चाहे गये रास्ते की भूमि की लम्बाई 25 मीटर, चौड़ाई 09 मीटर अर्थात कुल 225 वर्गमीटर भूमि रास्ते में आती हैं। उक्त चाहे गये रास्ते के अलावा अन्य कोई वैकल्पिक रास्ता नही हैं एवं अत्यान्तिक आवश्यक हैं। अतः उपरोक्त तथ्यों के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र न्यायहित में स्वीकार किया जाकर तहसीलदार नीमकाथाना को आदेशित किया जाता हैं कि प्रार्थी की तन ग्राम कुरबड़ा तहसील नीमकाथाना अवस्थित खसरा नम्बरान 816/147 में आने जाने के लिए खसरा नम्बर 950/143 में से मुताबिक नक्शा ट्रेस व तहसीलदार रिपोर्ट रास्ता स्वीकृत किया जाता हैं। प्रार्थी से उक्त रास्ता भूमि की डीएलसी दर से दुगुनी राशि राजकोष में जमा किये जाने के उपरान्त उक्तानुसार रास्ता कायम किया जाना सुनिश्चित करें। उक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद हेतु तहसीलदार नीमकाथाना को तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। यह निर्णय आज दिनांक 10.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय मुद्रा से खुले न्यायालय में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी नीमकाथाना (राज.)

(राजवीर सिंह यादव)
उपखण्ड अधिकारी,
नीमकाथाना

राजवी[illegible] यादव
उपख[illegible] अधिकारी
नीमकाथाना (सीकर)